REPORT

On dated 3-9-2024 a group of 24 students accompanied by Teachers from the deptt of Political Science visited the Himachal Pradesh State Legislative Assembly so as to know the practical aspect of legislative procedure. Hon’ble speaker of the Vidhan Sabha Sh. Kuldeep Singh Pathania interacted with the students and encouraged them to be a part of the vibrant democracy. At 10.30 students entered the House to witness the proceedings . The session began with the **question hour. The students gained the practical insight regarding the legislative process.**

STUDENTS AT VIDHAN SABHA DURING MONSOON SESSION

INTERACTION WITH SPEAKER SH. KULDEEP SINGH PATHANIA

सत्र देखने आए छात्र – छात्राओं से विधान सभा अध्यक्ष ने किया संवाद ।

03/09/2024

आज दिनाँक 3 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने विधान सभा की कार्यवाही देखने आए राजकीय महाविद्यालय धामी शिमला तथा शैलेडे पब्लिक स्कूल शिमला के छात्र – छात्राओं के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने छात्रों से कई प्रश्न पूछे जिसका बच्चों ने बड़ी तत्परता के साथ जवाब दिया। विधान सभा अध्यक्ष ने पूछा कि विधान सभा क्या है? तथा विधायक कहाँ से चुन कर आते हैं जिसका इन सभी छात्रों ने सिलसिलेवार उत्तर दिया। इस अवसर पर वार्तालाप करते हुए कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि लोक सभा तथा विधान सभा लोकतन्त्र के सबसे बड़े मन्दिर हैं जहाँ देश तथा प्रदेश के कानून बनाए जाते हैं। पठानियां ने कहा कि कानून बनाने का अधिकार

विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है।

विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। उन्होने कहा कि भारत युवाओं का देश है तथा दुनियां में सबसे ज्यादा युवा हमारे देश में हैं। उन्होने कहा कि इस युवा शक्ति को देश के उत्थान तथा सर्वांगीण विकास में अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होने कहा कि हमारे देश के युवा काफी जागरूक हैं तथा अपनी जागरूकता का परिचय उन्होने बाल सत्र में दिया था जिसका आयोजन इस सदन में किया गया था। पठानियां ने कहा कि वह शीघ्र ही बाल सत्र की तरह किसानों तथा युवाओं के लिए भी एक सत्र करवाना चाहते हैं ताकि वे भी संसदीय प्रणाली को अच्छी तरह से समझ सकें कि यह प्रणाली कैसे काम करती है। पठानियां ने इस अवसर पर सभी छात्र – छात्राओं को अपनी ओर से उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभ कामनाएं दी।

(हरदयाल भारद्वाज),
संयुक्त-निदेशक,
लोक संपर्क एवं प्रोटोकॉल,
हि0प्र0 विधान सभा